# Jharkhand

# Field Worker

## Previous Year Paper

## Paper- II

## 19 Jul, 2026

1. कविता "यह दंतुरित मुस्कान" में कवि बालक की मुस्कान को देखकर स्वयं को कैसा अनुभव करता है ?
(A) क्रोधित
(B) भयभीत
(C) आनंदित और भाव-विभोर
(D) निराश

2. 'वाक्य' से क्या आशय है ?
(A) बोलने वाला
(B) बोलने का तरीका
(C) दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों का क्रमबद्ध समूह
(D) संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाला

3. 'उत्साह' नामक कविता में कवि बादलों को फुहारने, रिमझिम बरसने के स्थान पर क्या करने के लिए कहते हैं ?
(A) लौट जाने
(B) गरजने
(C) आसमान पर न छाने
(D) बिजली गिराने

4. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक संगमरमर की प्रतिमा शहर के मुख्य बाज़ार के मुख्य चौराहे पर किसने लगवाई थी ?
(A) नगर पालिका के किसी उत्साही बोर्ड या प्रशासनिक अधिकारी ने
(B) हालदार साहब ने
(C) ड्राइंग मास्टर ने
(D) मास्टर साहब ने

5. 'फसल' कविता के अनुसार कवि ने फसल को मुख्य रूप से किसके रूप में वर्णित किया है ?
(A) केवल मौसम परिवर्तन का संकेत
(B) हाथों के स्पर्श की महिमा
(C) पत्थरों की कठोरता का प्रतीक
(D) सिमटा हुआ संकोच है सूरज की किरणों का

6. 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता के अनुसार बच्चे की दंतुरित मुस्कान किसमें नया जीवन या चेतना भर देती है ?
(A) मृतक में
(B) पर्वत की चट्टान में
(C) माँ में
(D) स्वयं कवि में

7. रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' के अनुसार बालगोबिन भगत जाड़े में प्रभाती गाते समय किस रंग की कमली ओढ़ते थे ?
(A) हरे (B) भूरे (C) सफेद (D) काले

8. अध्याय "आत्मकथ्य" में "उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ" पंक्ति से कवि का कौन-सा भाव प्रकट होता है ?
(A) गर्व
(B) निराशा और वेदना
(C) उत्साह
(D) क्रोध

9. 'अट नहीं रही है' कविता के रचयिता कौन हैं ?
(A) मंगलेश डबराल
(B) नागार्जुन
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(D) महादेवी वर्मा

10. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार लेखिका द्वारा "राम रोछो" कहने पर जितेन की क्या प्रतिक्रिया हुई ?
(A) वह लेखक से नाराज़ होकर बातचीत बंद कर दी।
(B) वह लेखक की बात सुनकर असहज और चुप हो गया।
(C) वह प्रसन्न होकर अपनी भाषा के प्रति गर्व महसूस करने लगा।
(D) वह लेखक की बात सुनकर विषय बदलने का प्रयास करने लगा।

11. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार लेखिका की सहयात्री मणि की उम्र क्या है ?
(A) 40 वर्ष (B) 45 वर्ष (C) 50 वर्ष (D) 65 वर्ष

12. "सीमा ने कलम से पत्र लिखा।" में 'कलम से' कौन-सा कारक है ?
(A) अपादान कारक (B) कर्म कारक (C) करण कारक (D) संबंध कारक

13. 'उत्साह' कविता में कवि ने मुख्य रूप से किसे संबोधित किया है ?
(A) बादल को (B) चाँद को (C) पर्वत को (D) वर्षा को

14. पाठ 'लखनवी अंदाज़' में प्रयुक्त वाक्य "खीरा लज़ीज़ होता है, लेकिन होता है सकील" के अनुसार 'सकील' शब्द का क्या अर्थ है ?
(A) बेस्वाद
(B) स्वादिष्ट
(C) आसानी से पचनेवाला
(D) आसानी से न पचनेवाला

15. 'बालगोबिन भगत' के मस्तक पर हमेशा कौन-सा टीका चमकता था ?
(A) रामानंदी चंदन (B) केसरी चंदन (C) पीला चंदन (D) सफेद चंदन

16. 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता में कवि के अनुसार बच्चे को देखने, पहचानने और उससे परिचित होने का माध्यम कौन बना ?
(A) बच्चे के पिता (B) बच्चे की दादी (C) बच्चे की माँ (D) स्वयं बच्चा

17. देव के कवित्त 'डार द्रुम पलना, बिछौना नव-पल्लव' के आधार पर बताइए कि बसंत रूपी बालक को प्रातः काल कौन जगाता है ?
(A) तोता (B) मोर (C) कोयल (D) गुलाब

18. देव कृत "डार द्रुम पलना बिछौना..." कवित्त में "गुलाब चटकारी दें" कहकर किसका वर्णन किया गया है ?
(A) गुलाब के सूखने और उसकी पत्तियों के झड़ने का
(B) गुलाब के खिलने और उसके आकर्षण का
(C) गुलाब के टूटने और उसकी कोमलता का
(D) गुलाब के मुरझाने और उसके फीका पड़ने का

19. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार किसके दिमाग में यह आया कि घाटियों के बीच रास्ता निकाल कर इसे टूरिस्ट स्पॉट बनाया जा सकता है ?
(A) कप्तान शेखर दत्ता (B) मणि
(C) जितेन (D) सिक्किम सरकार

20. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार, लेखिका ने पहाड़ी इलाके में कौन-से जानवर को देखा ?
(A) याक (B) ऊँट (C) घोड़ा (D) हाथी

21. 'अट नहीं रही है' कविता के अनुसार फागुन ऋतु में पेड़ों की डालियों पर किस प्रकार के पत्तों का वर्णन किया गया है ?
(A) कहीं हरे, कहीं लाल पत्ते
(B) सूखे पीले रंग के पत्ते
(C) हरे और नीले रंग के पत्ते
(D) केवल लाल रंग के पत्ते

22. "उत्साह" कविता में "विकल विकल, उन्मन थे उन्मन" पंक्ति किस स्थिति को दर्शाती है ?
(A) अत्यधिक खुशी को (B) बेचैनी और व्याकुलता को
(C) युद्ध की तैयारी को (D) उत्सव के वातावरण को

23. कहानी 'नेताजी का चश्मा' में लोग चश्मा बेचने वाले व्यक्ति को किस नाम से पुकारते थे ?
(A) चश्मे वाला (B) मास्टर साहब (C) कैप्टन (D) हालदार साहब

24. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार हालदार साहब को कंपनी के काम के सिलसिले में कस्बे से कितने दिनों में हर बार गुजरना पड़ता था ?
(A) हर तीसरे दिन
(B) हर पंद्रहवें दिन
(C) सप्ताह में एक बार
(D) हर शनिवार को

25. 'भ्रमरगीत' प्रसंग से लिए गए पद 'उधो तुम हो अति बड़भागी' में गोपियों ने किसे व्यंग्यात्मक रूप से "भाग्यवान" कहा है ?
(A) श्रीकृष्ण को
(B) उद्धव को
(C) नन्द बाबा को
(D) अक्रूर को

26. पाठ 'लखनवी अंदाज़' के अनुसार लेखक अपनी किस पुरानी आदत का उल्लेख करता है ?
(A) लगातार बातचीत करते रहने की
(B) एकांत में गीत गुनगुनाने की
(C) कल्पनाएँ करते रहने की
(D) बिना कारण हँसने की

27. पाठ 'लखनवी अंदाज़' के आधार पर बताइए कि नवाब साहब ने खीरों की फाँक का क्या किया ?
(A) खा लिया
(B) खिड़की से बाहर फेंक दिया
(C) लेखक को दे दिया
(D) बच्चों को दे दिया

28. 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा!' पाठ के अनुसार, बनारस में चार-पाँच के समूह में गाने वालियों की एक परंपरा रही है उसका क्या नाम है ?
(A) कजली परंपरा
(B) चैती परंपरा
(C) भरथरी परंपरा
(D) गौनहारिन परंपरा

29. 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के लेखक कौन हैं ?
(A) अज्ञेय
(B) शिवपूजन सहाय
(C) शिव प्रसाद मिश्र 'रूद्र'
(D) कमलेश्वर

30. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' अध्याय में "बालकु बोलि बधौं नहि तोही" पंक्ति से परशुराम के स्वभाव की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है ?
(A) अत्यधिक भयभीत स्वभाव
(B) क्रोध में भी धैर्य एवं मर्यादा
(C) हास्यप्रिय प्रवृत्ति
(D) युद्ध से बचने की प्रवृत्ति

31. अध्याय "मानवीय करुणा की दिव्य चमक" में लेखक फ़्रैंक को किस रूप में याद करता है ?
(A) एक सफल व्यापारी के रूप में
(B) एक कठोर अधिकारी के रूप में
(C) बड़े भाई और संरक्षक के रूप में
(D) एक कलाकार के रूप में

32. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' अध्याय में, लक्ष्मण का चरित्र कैसा प्रतीत होता है ?
(A) भयभीत और शांत
(B) विनम्र और आत्मविश्वासहीन
(C) निर्भीक, व्यंग्यात्मक एवं तेजस्वी
(D) आलसी और असावधान

33. अध्याय "आत्मकथ्य" में कवि किस बात को 'छोटी कथा' कहता है ?
(A) अपने बचपन को
(B) अपनी सफलताओं को
(C) अपने जीवन की निजी कथा और अनुभूतियों को
(D) दूसरों की कहानी को

34. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार नेताजी की मूर्ति शहर में कहाँ लगी थी ?
(A) मुख्य बाज़ार के मुख्य चौराहे पर
(B) कस्बे में
(C) पान की दुकान के पीछे
(D) नगर पालिका में

35. "कन्यादान" कविता में "जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो" पंक्ति का आशय क्या है ?
(A) माँ बहुत धनी थी
(B) लड़की माँ के लिए सबसे मूल्यवान थी
(C) माँ बेटी को बोझ मानती थी
(D) माँ बेटी को भूल जाना चाहती थी

36. 'लखनवी अंदाज़' व्यंग्य में लेखक यशपाल ने मुख्य रूप से किस पर व्यंग्य किया है ?
(A) मेहनतकश मजदूर वर्ग पर
(B) दिखावा करने वाले सामंती और बनावटी लोगों पर
(C) वैज्ञानिकों और शोध करने वाले लोगों पर
(D) किसानों की समस्याओं और व्यक्तिगत मामलों पर

37. शिव-पार्वती में कौन-सा समास है ?
(A) द्वंद्व समास
(B) द्विगु समास
(C) अव्ययीभाव समास
(D) कर्मधारय समास

38. अध्याय "एक कहानी यह भी" में लेखिका के अनुसार आर्थिक स्थिति खराब होने का पिता पर क्या प्रभाव पड़ा ?
(A) वे अधिक दयालु हो गए
(B) वे समाजसेवी बन गए
(C) उनका स्वभाव अधिक कठोर और संदेहपूर्ण हो गया
(D) वे परिवार से दूर रहने लगे

39. रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' में अपने इकलौते बेटे की मृत्यु का शोक बालगोबिन भगत ने किस तरह मनाया ?
(A) उत्सव की तरह गीत गाकर
(B) अपनी खँजड़ी से शोक गीत बजाकर
(C) रो-रो कर
(D) कबीर साहब के दरबार जाकर

40. पाठ 'लखनवी अंदाज़' में लेखक कनखियों से नवाब साहब को देखकर किस बात की कल्पना कर रहे थे ?
(A) खीरे की फाँक के स्वाद के बारे में
(B) नवाब साहब की रईसी और नज़ाकत के बारे में
(C) भोजन के रंग के बारे में
(D) बाज़ार की भीड़ के बारे में

41. निम्नलिखित में से कौन-सा अविकारी शब्द है ?
(A) विद्यालय
(B) सुंदर
(C) लेकिन
(D) बालक

42. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार, सिक्किम राज्य की राजधानी का क्या नाम है ?
(A) लायुंग
(B) यूमथांग
(C) गंतोक
(D) कटाओ

43. 'उत्थान' का विलोम शब्द है -
(A) विकास
(B) उन्नति
(C) पतन
(D) उत्कर्ष

44. 'अट नहीं रही है' कविता में कवि की आँखें किसकी सुंदरता से हट नहीं पा रही हैं ?
(A) फागुन की आभा
(B) कार्तिक की चाँदनी
(C) पौष की ठंड
(D) ज्येष्ठ की धूप

45. रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' के अनुसार बालगोबिन भगत के शारीरिक व्यक्तित्व में उनके कद का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?
(A) अत्यंत विशाल
(B) मँझोला
(C) लंबा
(D) अत्यंत बौना

46. "फसल" कविता में "रूपांतर है सूरज की किरणों का" पंक्ति का क्या आशय है ?
(A) सूर्य केवल गर्मी देता है
(B) सूर्य की ऊर्जा फसल निर्माण में सहायक होती है
(C) सूर्य फसल को नष्ट करता है
(D) सूर्य का खेती से कोई संबंध नहीं है

47. 'बसंत' को बालक के रूप में चित्रित करने वाले देव के कवित्त 'डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव' के अनुसार बालक रूपी बसंत को झूला झुलाने का कार्य कौन करता है ?
(A) कोयल
(B) तोता
(C) मयूर
(D) पवन

48. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार कवी-लोंग स्टॉक नामक स्थान पर निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध फिल्म की शूटिंग हुई थी ?
(A) शोले
(B) गाइड
(C) जंजीर
(D) हम दोनों

49. अध्याय "एक कहानी यह भी" में लेखिका की बड़ी बहन सुशीला का व्यक्तित्व कैसा था ?
(A) क्रोधी और जिद्दी
(B) शांत और डरपोक
(C) सुंदर, स्वस्थ और हँसमुख
(D) गंभीर और अंतर्मुखी

50. 'बालगोबिन भगत' रेखाचित्र के अनुसार बालगोबिन भगत कार्तिक माह के आते ही किस कार्य का आरंभ कर देते थे ?
(A) प्रभातियों का गायन
(B) युद्ध अभ्यास
(C) व्यापार यात्रा
(D) शिकार खेलना

51. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार, चाय बागानों में युवतियाँ जो वस्त्र पहनती हैं उन्हें क्या कहते हैं ?
(A) पटियाला
(B) बोकु
(C) साड़ी
(D) फ्रॉक

52. 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत की उम्र कितनी होगी ?
(A) 40 वर्ष के ऊपर
(B) 60 वर्ष के ऊपर
(C) 50 वर्ष के ऊपर
(D) 80 वर्ष के ऊपर

53. 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के अनुसार, रानी एलिजाबेथ कितने देशों का दौरा करने वाली थी ?
(A) दो
(B) तीन
(C) पाँच
(D) एक

54. कविता "अट नहीं रही है" में "अट" शब्द का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ?
(A) टकरा जाना
(B) अलग हो जाना
(C) समा जाना
(D) समाप्त हो जाना

55. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार कस्बे के एक मात्र ड्राइंग मास्टर का नाम क्या है ?
(A) मनोहर लाल
(B) मानिक लाल
(C) मोतीलाल
(D) मनसुख लाल

56. देव के कवित्त 'डार द्रुम पलना, बिछौना नव-पल्लव' के आधार पर बताइए कि कवि ने बालक शब्द का प्रयोग किस ऋतु के लिए किया है ?
(A) ग्रीष्म (B) शिशिर (C) बसंत (D) शरद

57. कवि देव के 'डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव' कवित्त के अनुसार, बालक रूपी बसंत का बिछौना किससे बना हुआ है ?
(A) मखमल से
(B) रुई से
(C) पेड़ के कोमल पत्तों से
(D) कपड़े से

58. निम्नलिखित में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा है ?
(A) मित्रता (B) भारत (C) लड़का (D) पेड़

59. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' अध्याय में, परशुराम लक्ष्मण से क्यों क्रोधित हो गए थे ?
(A) लक्ष्मण ने उनका धनुष तोड़ दिया था
(B) लक्ष्मण ने व्यंग्यपूर्ण वचन कहे थे
(C) लक्ष्मण ने युद्ध के लिए ललकारा था
(D) लक्ष्मण ने सभा छोड़ दी थी

60. 'संगतकार' कविता के अनुसार मुख्य गायक किस भाग में जटिल तान प्रस्तुत करता है ?
(A) स्थायी (B) संचारी (C) आभोग (D) अंतरा

61. मुहावरा "बावन वीर होना" का सही अर्थ क्या है ?
(A) हताश होकर बैठना (B) बहुत चालाक होना
(C) बेवकूफी करना (D) चापलूसी करना

62. "उत्साह" कविता का मुख्य भाव क्या है ?
(A) प्रकृति की शक्ति के प्रति भय की भावना
(B) वर्षा और प्रकृति के प्रति उत्साह तथा नवजीवन की भावना
(C) युद्ध तथा संघर्ष के प्रति अपनत्व की भावना
(D) सामाजिक असमानता के प्रति संदेह की भावना

63. कविता "यह दंतुरित मुस्कान" में "पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण" पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?
(A) उपमा अलंकार
(B) श्लेष अलंकार
(C) अतिशयोक्ति अलंकार
(D) अनुप्रास अलंकार

64. "कन्यादान" कविता के अनुसार लड़की को दान देते समय माँ का दुख कैसा था ?
(A) कृत्रिम और दिखावटी (B) अत्यंत साधारण
(C) अत्यंत प्रामाणिक और गहरा (D) क्रोध से भरा हुआ

65. 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा!' पाठ के अनुसार, पिछली भादो में तीज के अवसर पर दुलारी कहाँ गाने गई थी ?
(A) टाउन हॉल (B) भैरवनाथ (C) महाराष्ट्र (D) खोजवाँ बाज़ार

66. "कन्यादान" कविता में लड़की को "पानी" की तरह न बहने देने की सलाह का क्या आशय है ?
   (A) लड़की को अपना आत्मसम्मान और स्वतंत्र व्यक्तित्व बनाए रखना चाहिए।
   (B) लड़की को अधिक बोलना और अपनी बात मनवाना चाहिए।
   (C) लड़की को विवाह के बाद परिवार से अलग रहना चाहिए।
   (D) लड़की को भावनाओं को पूरी तरह दबा देना चाहिए।

67. अध्याय "मानवीय करुणा की दिव्य चमक" में लेखक ने फ्रैंक की आँखों की तुलना किससे की है ?
   (A) सूर्य की रोशनी से
   (B) कमल से
   (C) देवदार की छाया में चमकते झरने से
   (D) चाँदनी रात से

68. कवि देव ने 'पाँयनि नूपुर' सवैया में श्रीकृष्ण के मुख की तुलना किससे की है ?
   (A) सूरज से
   (B) चाँदनी से
   (C) चंद्रमा से
   (D) पर्वत की चट्टान से

69. 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के अनुसार, फादर कामिल बुल्के की जन्मभूमि का क्या नाम था ?
   (A) इलाहाबाद (B) लंदन (C) ल्यूवेन (D) रेम्सचैपल

70. 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा!' पाठ के अनुसार, जुलूस में सबसे पीछे जाने वाले खुफिया पुलिस के रिपोर्टर का क्या नाम था ?
   (A) अली सगीर (B) टुन्नू (C) शर्मा जी (D) फेंकू सरदार

71. 'आत्मकथ्य' कविता में कवि ने अपनी प्रेमिका के कपोलों की लालिमा की तुलना किससे की है ?
   (A) गुलाब के फूलों से
   (B) अपनी मौन व्यथा से
   (C) अरुणिमा की लाल छाया से
   (D) छोटे से जीवन से

72. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार हालदार साहब कस्बे से कितने वर्षों तक लगातार गुजरते रहे ?
   (A) तीन (B) चार (C) पाँच (D) दो

73. 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के अनुसार, लेखक किस विषय के विद्यार्थी हैं ?
   (A) कला (B) विज्ञान (C) वाणिज्य (D) संगीत

74. 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा!' पाठ के अनुसार, भादो की तीज में गाए जाने वाले गीत या लोकगीत का क्या नाम है ?
   (A) भरथरी (B) ढोला मारू (C) कजली (D) बिरहा गायन

75. "फसल" कविता के अनुसार मिट्टी का कौन-सा गुण फसल के लिए आवश्यक बताया गया है ?
   (A) कठोरता (B) शुष्कता (C) सोंधी उर्वरता (D) पथरीलापन

76. निम्न में से 'अतिथि' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप क्या होगा ?
   (A) आतिथ्य
   (B) आदिथ्यता
   (C) आतिथय
   (D) आतिथ्व

77. 'राजपथ' में कौन-सा समास है ?
   (A) द्वंद्व समास (B) कर्मधारय समास (C) तत्पुरुष समास (D) बहुव्रीहि समास

78. 'कन्यादान' कविता में मुख्य संवाद किन दो पात्रों के मध्य प्रस्तुत किया गया है ?
   (A) माँ और बेटी (B) माँ और बेटा (C) गुरु और पुत्री (D) दादी और पोती

79. रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' में प्रयुक्त 'कमली' शब्द का क्या अर्थ है ?
   (A) सन्नाटा (B) कम बुद्धि वाला (C) कंबल (D) कोहरा

80. 'माता का अँचल' पाठ के अनुसार, पिता बच्चों के लिलार पर किसका तिलक लगाते थे ?
(A) केसर (B) हल्दी (C) भभूत (D) चंदन

81. 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के अनुसार, जॉर्ज पंचम की लाट की नाक दिल्ली के किस स्मारक के सामने से गायब हो गई थी ?
(A) कुतुब मीनार (B) हुमायूँ का मकबरा
(C) इंडिया गेट (D) जंतर-मंतर

82. "फसल" कविता में कवि ने "नदियों के पानी का जादू" कहकर किसका संकेत किया है ?
(A) बाढ़ का जल और उसका फैलाव दिखाने का
(B) सिंचाई और जल की जीवनदायी शक्ति का
(C) समुद्र की लहरों और उनके प्रवाह का
(D) वर्षा की कमी और सूखे की स्थिति का

83. देव कृत "डार द्रुम पलना बिछौना..." कवित्त में "प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै" पंक्ति का भाव क्या है ?
(A) सुबह गुलाब का खिलना और वातावरण को आनंदित करना
(B) सुबह गुलाब का सूख जाना और वातावरण को फीका बनाना
(C) सुबह लोग सो रहे हों और वातावरण का शांत होना
(D) सुबह वर्षा का प्रारंभ होना और धरती को नमी देना

84. 'बालगोबिन भगत' अपने गले में किसकी जड़ की माला बाँधे रहते थे ?
(A) तुलसी की जड़ की माला (B) रूद्राक्ष की माला
(C) पीपल की जड़ की माला (D) आँवले की जड़ की माला

85. 'उत्साह' कविता में वर्णित बादलों की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा गुण बादलों के लिए प्रयुक्त नहीं किया गया है ?
(A) ललित (B) काले घुंघराले (C) नवजीवन वाले (D) काँटेदार फल

86. 'संगतकार' कविता में मुख्य गायक की आवाज़ की तुलना किस प्रकार के स्वरों से की गई है ?
(A) मधुर बाँसुरी जैसे स्वरों वाली
(B) फटी-फटी
(C) चट्टान जैसे भारी स्वरों वाली
(D) कानों को चुभने वाली

87. अध्याय "मानवीय करुणा की दिव्य चमक" से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
(A) केवल धन कमाना चाहिए
(B) दूसरों की सहायता और मानवता का सम्मान करना चाहिए
(C) समाज से दूर रहना चाहिए
(D) केवल अपने हित के बारे में सोचना चाहिए

88. 'आत्मकथ्य' कविता में कवि ने "गागर रीती" शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया है ?
(A) स्मृतियों के सहारे जीवन जीने की प्रवृत्ति
(B) सीमित शब्दों में गहन भावों की अभिव्यक्ति
(C) ऐसा मन जिसमें कोई भाव न हो
(D) प्रेममय प्रभात का सौंदर्य

89. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार कस्बे में कितने ओपन एयर सिनेमाघर थे ?
(A) तीन (B) एक (C) सात (D) दो

90. 'माता का अँचल' पाठ के अनुसार, लिलार का क्या अर्थ है ?
(A) आँखें (B) बाजू
(C) एड़ी (D) ललाट

91. 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के अनुसार, इंजीनियरिंग की पढ़ाई के किस वर्ष के दौरान फादर कामिल बुल्के के मन में संन्यासी बनने की इच्छा उत्पन्न हुई ?
(A) प्रथम वर्ष (B) द्वितीय वर्ष (C) अंतिम वर्ष (D) इनमें से कोई नहीं

92. 'ममता' शब्द किस प्रकार की संज्ञा है ?
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) जातिवाचक संज्ञा (C) भाववाचक संज्ञा (D) समूहवाचक संज्ञा

93. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के अनुसार कस्बे में कितनी नगर पालिकाएँ थीं ?
(A) एक (B) दो (C) तीन (D) एक भी नहीं

94. अध्याय "माता का अँचल" में लेखक ने बचपन के किस पक्ष का सबसे अधिक वर्णन किया है ?
(A) विद्यालय जीवन (B) खेल और पारिवारिक स्नेह
(C) सामाजिक संघर्ष (D) व्यापारिक गतिविधियाँ

95. कवि देव के 'पाँयनि नूपुर' सवैया के अनुसार, श्रीकृष्ण के चरणों में क्या सुशोभित है ?
(A) प्रकृति (B) चाँद (C) आलता (D) नूपुर

96. कविता "यह दंतुरित मुस्कान" में "धूलि-धूसर" शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(A) तालाब (B) खेत (C) बालक का शरीर (D) आकाश

97. "उत्साह" कविता में कवि ने बादलों को "जीवन" क्यों कहा है ?
(A) क्योंकि वे केवल आकाश को ढककर अंधकारमय सौंदर्य उत्पन्न करते हैं
(B) क्योंकि वे वर्षा लाकर प्रकृति और जीवों को जीवन प्रदान करते हैं
(C) क्योंकि वे सूर्य के आगे आकर उसे छिपा देते हैं
(D) क्योंकि वे बिजली और गर्जना से अपनी शक्ति दिखाते हैं

98. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के अनुसार, हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी का क्या नाम है ?
(A) माउंट एवरेस्ट (B) नंदा देवी (C) धौलागिरी (D) कंचनजंघा

99. रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' के अनुसार बालगोबिन भगत ने अपने पुत्र का अंतिम संस्कार किससे करवाया था ?
(A) पतोहू से
(B) पोते से
(C) गाँव के सरपंच से
(D) अपने मित्र से

100. अध्याय "माता का अँचल" में बच्चों के सिर पर "चुल्लू-कड़ुवा तेल" क्यों लगाया जाता था ?
(A) बाल सुंदर बनाने के लिए
(B) चोट ठीक करने के लिए
(C) खेल के दौरान लगी चोट पर उपचार के लिए
(D) गर्मी से बचाने के लिए

-oOo-